Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

श्री सिद्धिविजय रचित
श्रीविजयदेवसूरि भासद्वय

म. विनयसागर

श्री विजयदेवसूरि भासद्वय के प्रणेता श्री सिद्धिविजय महोपाध्याय श्री मेघविजय के प्रगुरु (दादागुरु) थे और जगद्गुरु श्रीहीरविजयसूरिजी के प्रशिष्य थे । सिद्धिविजयजीका समय १७ वीं शताब्दी का अन्तिम चरण या १८ वीं शताब्दी का प्रथम चरण माना जा सकता है । इनके द्वारा प्रणीत अन्य कृतियाँ अन्य भण्डारों में अवश्य ही प्राप्त होंगी, किन्तु मुझे अभी तक चार लघुकृतियाँ ही प्राप्त हुई हैं : - १- २. नेमिनाथ भास और ३-४. श्री विजयदेवसूरि भास !

श्री कैलाशसागरसूरि ज्ञान भण्डार, कोबा सूचि पत्र भाग-४ के अनुसार श्रीसिद्धिविजयकृत निम्न कृतियाँ और प्राप्त हुई है जो इस प्रकार है :-

सिद्धिविजय

१४१४२ (१) सीमन्धर जिनस्तवन, वि० सं० १७१३, आदि-अनन्तचौवीसी जिन नमूं, अन्त-भविक जन मंगल करो, ढाल-७, गा० १०६, पृ० ५अ

(२) विजयप्रभसूरि स्वाध्याय, आदि-आवउ सजनी सहगुरु, अन्त-भावविजय बुध सीसोजी, गा० ९

१४५३६ (४) जम्बूस्वामी सज्झाय, आदि-राजग्रही नगरी वसे, अन्त-तास तणा गुण गाया रे, गा० १३

(२२) पंचइन्द्रिय सज्झाय, पृ० २८अ, आदि-रे जीउं विषय न राचीइ, अन्त-सेवजो नीसदीसो रे, गा० १३

१८१५६ (३६) जम्बूस्वामी सज्झाय, आदि-राजग्रही नगरी वसे, अन्त-सिद्धविजय सुपवाया रे, गा० १४, पृ० १०आ-११अ.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

इसका स्फुट पत्र प्राप्त है, जिसमें चारों ही कृतियाँ एक साथ ही लिखी गई हैं। इस पत्र का माप २४.३ - १०.४ से.मी. है, पत्र १ हैं, दोनों भासों की कुल पंक्ति १५ तथा प्रति अक्षर ४२ हैं। लेखन समय सम्भवतः १७वीं सदी का अन्तिम चरण है।

शासन प्रभावक विजयदेवसूरि प्रसिद्धतम आचार्य हुए हैं। ये जगद्गुरु श्रीहीरविजयसूरि के प्रशिष्य तथा श्रीविजयसेनसूरि के पट्टधर थे। विक्रम संवत १६३४ इलादुर्ग में जन्म, संवत १६४३ राजनगर में श्री हीरविजयसूरि के करकमलों से माता के साथ दीक्षा, १६५५ सिकन्दरपुर में पन्यास पद, १६५६ स्तम्भतीर्थ में उपाध्याय पद और सूरिपद प्राप्त हुआ एवं श्री विजयसेनसूरि के स्वर्गवास के पश्चात् संवत १६७१ में भट्टारक पद प्राप्त किया।

जगद्गुरु श्री हीरविजयसूरि के पश्चात् विजयदेवसूरि की दिग्गज आचार्यों में गणना की जाती है। विजयदेवसूरि रचित कोई साहित्य प्राप्त हो एसा ज्ञात नहीं है, किन्तु इनसे सम्बन्धित खरतरगच्छीय श्रीवल्लभोपाध्याय रचित (र.सं.१६८७ के आस-पास) विजयदेवमाहात्म्य और श्री मेघविजयजी रचित श्रीतपगच्छापट्टावलीसूत्रवृत्त्यनुसन्धानम् के अनुसार इनका संक्षिप्त जीवन चरित्र प्राप्त होता है। सम्राट अकबर के सम्पर्क में ये आए हो ऐसा कोई उल्लेख प्राप्त नहीं होता है, किन्तु सम्राट जहांगीर के समय में इनका प्रभाव अत्यधिक बढ़ा था। जहांगीर इनको बहुत सम्मान देता था और गुरु के रूप में स्वीकार करता था। यही कारण है कि संवत् १६८७ माण्डवगढ़ में श्री जहांगीर ने इनको महातपा बिरुद प्रदान किया था।

इन्हीं के कार्यकाल में विजयदेवसूरि एवं विजयआनन्दसूरि शाखाभेद हुआ। श्रीदर्शनविजयजी ने विजयतिलकसूरि रास में जिस घटना का वर्णन किया है, वह विचारणीय अवश्य है। खरतरगच्छीय श्री ज्ञानविमलोपाध्याय के शिष्य श्री श्रीवल्लभोपाध्याय ने तो इसका संकेत मात्र ही किया है और सम्भवतः इनकी कीर्ति से प्रभावित होकर श्री वल्लभोपाध्याय ने विजयदेवमाहात्म्य रचा था। संवत १६८७ के पश्चात् किसी घटना का उल्लेख नहीं है। इसी वर्ष इस माहात्म्य को पूर्ण कर दिया। स्तम्भनतीर्थ, इलादुर्ग, घोघाबन्दर, द्वीप,

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सिरोही, माण्डवगढ़, मेडता आदि अनेक स्थानों पर आचार्यश्री ने प्रतिष्ठा करवाई थी। इन्हीं के उपदेश से जाबालीपुर (जालोरदुर्ग) तीर्थ पर विशाल चैत्य का निर्माण, प्रतिष्ठादि हुए थे। इनके द्वारा प्रतिष्ठित, लेख सहित, शताधिक मूर्तियाँ आज भी प्राप्त हैं। विजयदेवसूरि के पट्टधर विजयसिंहसूरि हुए ,जिनका जन्म १६४४, दीक्षा १६५४, वाचकपद १६७२ और सूरिपद १६८१ में प्राप्त हुआ था। स्वर्गवास १७०९ में हो गया था। किसनगढ़ के दीवान श्री रायसिंहजी-निर्मापित का चिन्तामणी पार्श्वनाथ मन्दिर आज भी इनका स्मरण करवा रहा है। स्वरूपट्टधर आचार्य विजयसिंहसूरि का स्वर्गवास होने पर श्री विजयदेवसूरि ने उनके पट्ट पर विजयप्रभसूरि को बिठाया था।

सिद्धिविजय रचित विजयदेवसूरि भासद्वय का संक्षिप्त परिचय :

महीमण्डल के राजवी श्री विजयदेवसूरि यहाँ पधारे हैं। सब उनको नमस्कार कर रहे हैं। उनको वन्दन करने के लिए चलें। दूसरे पद्य में सोलह शृंगारों से सुशोभित महिलाएँ भाल पर तिलक कर, मोतियों का थाल लेकर उनके स्वागत के लिए चलीं। गुरु के सन्मुख कुमकुम, केसर, केवडा के साथ घोल बनाकर गुरु के सन्मुख रंगोली करती हैं। चौथे पद्य में सभी सोहागिनी सुन्दर स्त्रियाँ नवरंग वस्त्र धारण कर एक किनारे खड़ी होकर गुरुजी के गुणगान कर रही हैं। सिद्धिविजय कहता है कि विजयदेवसूरि का नाम निरन्तर गाने से शिवपद प्राप्त होता है।

दूसरे भास में - सरस्वती को नमस्कार कर कवि गुरु विजयदेवसूरिन्द के गीत गाने की प्रतिज्ञा करता है, जिस प्रकार चन्द्र को देखकर चकोर हर्षित होता है उसी प्रकार आचार्य को देखकर आनन्दित होते हैं और उनके चरणों में गुरुवन्दन करते हैं। दूसरे पद्य में विजयदेवसूरि मुनियों में चन्द्रमा के समान हैं, और कुमतियों को समूल नष्ट करने वाले हैं। बाल्यावस्था में जिन्होंने संयम धारण किया और गुरु के पास में शुद्धाचार का पालन किया ऐसे आचार्य हमें भवसागर में डूबते हुए भवियों के तारणहार हैं। तीसरे पद्य में सुमति-गुप्ति रूपी रमणियों के साथ रमण करने वाले हैं, इन्द्रियों का दमन करने वाले हैं, मुनियों के ताज हैं। जिनकी दन्तपंक्ति सोने की मेख से जटित

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

है । उनको देखकर मन उल्लसित होता है, ऐसे गुरु मुझे मिले है। भवसमुद्र के फेरे से बचाने वाले हैं, सिद्धिविजय कहता है कि जब तक पृथ्वी है तब तक इनकी यशोकीर्ति बढ़ती रहे ।

(१) श्री विजयदेवसूरि भासद्वय

सहगुरु आव्या मइं सुण्या रे चाली सखी एक बार ।
महीमण्डल नउ राजीउ रे प्रणमइं सुर नर नारि रे ॥
बहिनी वन्दीजइं गुरुराज ॥ १ ॥

जिम सीझई सघला काज रे बहिनी वन्दीजइं गुरुराज ॥
सोल शृंगार सोहावती रे लावती मोतिनउ थाल ।
भाल तिलक रलियामणो रे भामणउ भगती रसाल रे ॥ ब. २ ॥

कुमकुम केसर केवडउ रे कीजउ बहुल उद्योत ।
चोल तणी परि रातडउ रे गुर आगइं रंगरोल रे ॥ ब. ३ ॥

सवि सोहासणी सुन्दरी रे ऊभी एकणि तीर ।
गुण गावइं गुरुजी तणा रे पहिरी नवरंग चीर रे ॥ ब. ४ ॥
श्री विजयदेवसूरिसरु रे **सिद्धिविजय** नउ सामि ।
नाम निरन्तर गाईइं रे पाईइं सिवपद ठाम रे ॥ ब. ५ ॥

इति श्री विजयदेवसूरीश्वर भास समाप्त

(२) श्रीविजयदेवसूरि भास

सुरसति मात नमी करी गुण गासुं रे **विजयदेवसुरिंद** रे ।
चंद चकोर तणी परि जस दीठइं रे होवइ आणंद रे ॥
चरण कमल गुरु वन्दउ रे ॥ १ ॥

मुनिचन्दउ रे विजयदेवसूरीन्द, प्रभु टालइरे कुमत्यां ना कन्द ।
चरण कमल गुरु वन्दउ रे ॥ आंकणी
बालपणइ जिणइं आदरु गुरु पासइं रे रुडउ संयमभार ।
भवसायर मांहि बूडंता भविअण नइ रे ऊतारणहार ॥ च. २ ॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सुमति गुपति रमणी रमइं वली जे दमइं रे इंद्री ।
मुनिताज काज सरइं दरिसन थकां गुर आपइं रे शिवपुर नऊ राज
॥ च. ३ ॥

दन्ति पन्ति हीरे जड़ी सोवन घडी रे विचइ रुड़ी रेख ।
पेखि सखि मनि उलसइं कमलाकर रे जिम सूरज देखी ॥ च. ४ ॥

सोभागी मुझ मलउ सखि तउ टलउ रे भवसागर फेर ।
सिद्धिविजय कहइं तां तपउ गुरु माहरु रे जिहां महियल मेर ॥ च. ५ ॥
मुनिचंदउ रे विजयदेवसुरीन्द ॥

इति श्री विजयदेवसूरीश्वर भास समाप्त

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अञ्चलगच्छीय श्री जयकेसरीसूरि भास

म. विनयसागर

सद्गुरु आचार्यों और गीतार्थप्रवरों के गुणगौरव का यशोगान और स्तुति करना यह साधुजनों का कर्तव्य है। जो कि गीत, भास, स्तुति, रास, इत्यादि के रूप में प्राप्त होते हैं। गुरुगुण-षट्पद, जिनदत्तसूरि स्तुति, साहरयण कृत जिनपतिसूरि धवल गीत, कवि भत्तउ रचित जिनपतिसूरि गीत, पहराज कृत जिनोदयसूरि गुण वर्णन, कविपल्ह कृत जिनदत्तसूरि स्तुति, नेमिचन्द्र भण्डारी रचित जिनवल्लभसूरि गुरुगुणवर्णन, सोममूर्ति रचित जिनेश्वरसूरि-संयमश्री विवाह वर्णन, मेरुनन्दन रचित जिनोदयसूरि विवाहलउ आदि १२वीं शताब्दी के अनेकों कृतियाँ प्राप्त होती हैं। इसी शृंखला में अञ्चलगच्छीय श्री जयकेसरीसूरि से सम्बन्धित भास और गीत संज्ञक लघु चार रचनाएँ स्फुट पत्र में प्राप्त है। श्री जयकेसरीसूरि १५ वीं के अञ्चलगच्छीय प्रभावक आचार्य हुए हैं। श्री अञ्चलगच्छ की स्थापना आर्यरक्षितसूरि के द्वारा संवत ११६९ में हुई है। इसी आर्यरक्षितसूरि की परम्परा में श्री जयकेसरीसूरि हुए हैं। जिनकी वंशपरम्परा इस प्रकार हैं :-

आर्यरक्षितसूरि
|
जयसिंहसूरि
|
धर्मघोषसूरि
|
महेन्द्रसिंहसूरि
|
सिंहप्रभसूरि
|
अजितसिंहसूरि
|

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

देवेन्द्रसिंहसूरि
|
धर्मप्रभसूरि
|
सिंहतिलकसूरि
|
महेन्द्रप्रभसूरि
|
मेरुतुङ्गसूरि
|
जयकीर्तिसूरि
|
जयकेसरीसूरि

इस प्रकार आर्यरक्षितसूरि की परम्परा में बारहवें पाट पर इनका स्थान पाया जाता है ।

श्री जयकेसरीसूरि के सम्बन्ध में **प्रयोजक पार्श्व ने अञ्चलगच्छ दिग्दर्शन** नामक पुस्तक में पृष्ठ २६७ से २९८ पर विस्तार से प्रकाश डाला है । इसी पुस्तक के आधार पर प्रमुख-प्रमुख घटनाओं का यहाँ उल्लेख कर रहे हैं ।

इनका जन्म पाञ्चाल देशान्तर्गत थाना नगर में विक्रम संवत् १४६१ में हुआ । इनके पिता श्रीपाल के वंशज श्रेष्ठि देवसी थे और माता का नाम लाखणदे था । किसी पट्टावली में जन्म संवत १४६१ प्राप्त होता है तो किसी में १४६९ । इनका जन्मनाम धनराज था । माता द्वारा केसरीसिंह का स्वप्न देखने के कारण दूसरा नाम केसरी भी था । संवत १४७५ में जयकीर्तिसूरि के पास आपने दीक्षा ग्रहण की और दीक्षा नाम जयकेसरी रखा गया । संवत १४९४ में जयकीर्तिसूरि ने आपको आचार्य पद प्रदान कर जयकेसरीसूरि नाम रखा । भावसागरसूरि के मतानुसार चांपानेर नरेश गङ्गदास के आग्रह से इनको आचार्य पदवी दी गई थी । जयकेसरीसूरि भास में **रंजण गंग नरिन्द** प्राप्त

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

होता है। संवत १५०१ में चाम्पानेर में आपको गच्छनायक पद प्राप्त हुआ और संवत् १५४१ पोस सुदी ८ के दिन खम्भात में इनका स्वर्गवास हुआ।

चांपानेर नरेश गङ्गदास तो इनके भक्त थे ही, गङ्गदास के पुत्र जयसिंह पताई रावल भी इनका भक्त था। लावण्यचन्द्र की पट्टावली के अनुसार सुलतान अहमद (महम्मद बेगडा) भी आपके चमत्कारों से प्रभावित था। सायला के ठाकुर रूपचन्द और उनके पुत्र सामन्तसिंह ने जीवनदान पाकर जैन धर्म स्वीकार किया था। जम्बूसर निवासी श्रीमाल कवि पेथा भी आपके द्वारा प्रतिबोधित था।

आपके द्वारा विक्रम संवत् १५०१ से लेकर १५३९ तक २०० के लगभग प्रतिष्ठित मूर्तियाँ प्राप्त होती है। जयकेसरीसूरि की २ ही कृतियाँ प्राप्त होती हैं :- १. चतुर्विंशति-जिन-स्तोत्राणि और २. आदिनाथ स्तोत्र। चतुर्विंशति-जिन-स्तोत्राणि मेरे द्वारा सम्पादित होकर आर्य जयकल्याण केन्द्र, मुम्बई से विक्रम संवत २०३५ में प्रकाशित हो चुकी है। इस कृति को देखते हुए यह निःसन्देह कहा जा सकता है कि जयकेसरीसूरि प्रौढ़ विद्वान थे।

उनकी गुण गाथा को प्रकट करने वाली अनेकों कृतियाँ प्राप्त हो सकती हैं। मुझे केवल चार कृतियाँ ही प्राप्त हुई, जो कि एक ही पत्र पर लिखी हुई हैं। लेखन संवत् नहीं है किन्तु लिपि को देखते हुए १६वीं शताब्दी के प्रारम्भ में लिखी गई हो ऐसा प्रतीत होता है।

प्रथम कृति भास के रूप में है, जिस में श्री जीराउली पार्श्वनाथ को नमस्कार कर अञ्चलगच्छ नायक जयकेसरीसूरि के माता-पिता का नामोल्लेख है। इसी के पद्य ५ में रञ्जण गङ्ग नरिन्द्र का उल्लेख भी है। दूसरी भास नामक कृति **कवि आस** की रचित है। नगर में पधारने पर विधिपक्षीय जयकेसरीसूरि का वधावणा किया जाता है, और संघपति महिपाल जयपाल का उल्लेख भी है। तीसकी कृति गीत के नाम से है। इसके प्रणेता **हरसूर** हैं, और इसमें जयकीर्तिसूरि के पट्टधर जयकेसरीसूरि के नगर प्रवेश का वर्णन किया गया है। चौथी कृति भास नामक है। इसके प्रणेता **हरसूर** हैं, जिसमें श्राविकाएँ नूतन शृङ्गार कर जय-जयकार करती हुई, मोतियों का चौक पुराती हुई, उनका गुणगान करती हैं, आचार्य को देखकर नेत्र सफल

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

हुए हैं । इक्षु, दूध-शक्कर, के समान आचार्य-वाणी को उपमा प्रदान की गई है । आचार्य को जङ्गम गुरुओं में गोयम गणधर, शील में जम्बूकुमार, मुनीश्वरों में वज्रकुमार आदि की उपमा देते हुए गुरुगुण से पाप भी पलायन कर जाते हैं, ऐसा उल्लेख है । भक्तजनों के आल्हाद के लिए चारों लघु कृतियाँ प्रस्तुत हैं :-

अञ्चलगच्छीय श्री जयकेसरीसूरि भास

(१)

श्री जीराउलि पास पूरई रे मनची आस ।
आणीय मनि उल्लास पणमिय जिनवर पास ॥
सखि गाइसिउं ए अञ्चलगच्छ नरिंद
अईया गाइसिउंए अञ्चलगच्छ नरिंद ॥१॥

लाखणदेविउं दार जाईउ सुत सविचार
धन धन राजकुमार आदरिउ सूरिपयभार ।
वंदिसिउं ए श्री जयकेसरिसूरि
अईया वंदिसिउं ए अञ्चलगच्छ नरिंद ॥२॥

देवसीयसाह मल्हार, अञ्चलगच्छ सिणगार
पूरव रिषि आचार, पालइं ए निरतीचार ।
सखि गाजइ ए गणहर मुणिवर थाटि
अईया गाजइ ए अञ्चलगच्छ नरिंद ॥३॥

गुरु गोयम अवयार, शासन तणउ आधार
जाणइ सयल विचार, गुरुयडि गुण भंडार ।
सखि दीपइ ए दसदिसि कीरति जास
अईया दीपई ए अञ्चलगच्छ नरिंद ॥४॥

गुरु मुख पूनिम चंद, दीठइ परमाणंद
रंजण गंगनरिंद, सेव करइं सूरिंद ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सखि प्रतपउ ए अम्ह गुरु जां जगि सूर
अईया प्रतपउ ए अञ्चलगच्छ नरिंद ॥५॥

इति श्री गुरु भास

(२) कविआस प्रणीत

आज घरि घरिइं वधामणां, हरख लइ चतुर्विध संघ ए ।
आरे श्री विधिपक्ष गच्छनायक, जयवंत **जयकेसरिसूरिंद** रे ॥
मिलउ सहेली सुगुरु तणा गुण गाउ ए ।
कनक थाल मोतीडां भरि जयकेसरिसूरि वधावउ रे ॥१॥
॥ मिलउ सहेली, आंचली ॥

जिम तारायण चांदलउ, तिम मुखि अमीय झरंतू ए ।
सूरि श्रीजयकेसरिसुगुरु अम्ह तरणि परि तपंतू रे ॥ २ ॥ मिलउ सहेली ॥

सुललित वाणी सुणींजइ, श्रवणि अमीरस पीजइ रे ।
श्रीजयकेसरिसूरि तरणतारण सिरि लुंछणडां करीजइ रे ॥ ३ ॥ मिलउ सहेली ॥

आस भणति अईसा सुगुरु तुम्ह जयउ संघपति **आसधीर** तनू रे ।
संघपति **महिपाल जयपाल,** जयकेसरिसूरि प्रसन्नू रे ॥ ४ ॥ मिलउ सहेली ॥

(इति) श्री गुरु भास

(३) हरसूर प्रणीत

ऊलट अंगि अपार कामिनि करउ सिणगार
मोतीय थाल भरी वधावउजी ।
सही ए अम्ह सुहगुरु आईला श्रीजयकेसरिसूरी । सही ए. ॥ १ ॥ आ. ।

अहव सूहव आवउ माणिक चउक चूरावउ ।
गच्छनायक गुण गाउजी । सही ए. ॥ २ ॥
जयकित्तिसूरि पाटोधर कलि गोयम अवतार ।
तरणतारण पाय सेवउजी । सही ए. ॥ ३ ॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

हरसूर भणइ सुवचन **साह देवसी** तन ।
धन संघ प्रसन्नूजी । सहीए. ॥ ४ ॥

(इति) श्री गुरु गीत

(४)

चालि सही गुरु वंदीइ पहिरी नव सिणसार ।
गछनरेसर भेटीइ, जिम हुई जय जयकार ॥

वेगि वधावउ रे सुंदरी, मोती चउक पूरेवि ।
सूरीसर जयकेसरी, अविहड भाव धरेवि ॥ १ ॥ वगि वधावउ रे ।

जई गुरु दीठा आपणा, चतुर पणइ चउसाल ।
सफल हूंया अम्ह लोयणा आज सफलिउ सुरसाल ॥ २ ॥ वेगि. ।

स्वाद पणइ जिसी सेलडी, जाणे साकर दूध ।
कईहो मोहणवेलडी, वाणी अमी यति सूध ॥ ३ ॥ वेगि. ।

सरस सुकोमल सीयली, सुणतां सविहुं सुहाई ।
वाणी अम्ह गुरु केतली, ऊपम कहणि न जाइ ॥ ४ ॥ वेगि. ।

सारद ससिकर निरमलउ, खीरोदधि सम वान ।
दीपइ दहदिसि ऊजलु, जगि जस मेरु समान ॥ ५ ॥ वेगि. ।

जंगम गोयम गणहरु, सीलिइं जंबुकुमार ।
सोहगवई वरमुणीसरु, विद्या वइरकुमार ॥ ६ ॥ वेगि. ।

जे गुण गाइं गुरु तणा, आणी हृदय विवेक ।
पातक जाइं तेह तणां, पामइं भोग अनेक ॥ ७ ॥ वेगि. ।

इति श्री पूज्य भास

प्राकृत भारती अकादमी
१३-अे, मेन मालवीयनगर, जयपुर-३०२०१७

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

फ़्राँस में जैन धर्म व साहित्य

स्वर्गीय प्रोफ़ेसर डाक्टर श्रीमति कौलेट काइया का योगदान

१५-१-१९२१ - १५-१-२००७

श्रद्धाञ्जलि

नलिनी बलवीर

फ़्राँस में जैन धर्म प्रचलित धर्म नहीं है। भारतीय प्रवासियों की संख्या यहा सीमित है और उनमें जैनियों का भाग कम है। इंगलैंड और अमेरिका की तरह अभी तक यहाँ जैन मन्दिर भी नहीं हैं। पर विशेषज्ञों के कृतित्व के कारण जैन धर्म और साहित्य भारतीय संस्कृति का प्रमुख अंग माना जाता है और विश्वविद्यालयों में उनका अध्ययन और अध्यापन होता है। बीसवीं शती के आरम्भ में फ़्रांसीसी विद्वान गेरिनो (Guérinot) ने इस विषय पर संशोधनक्रिया की। तत्कालीन पश्चिमी देशों के गेरिनो समान विद्वानों ने आचार्य श्रीविजयधर्मसूरि (1868-1922) के साथ पत्रव्यवहार किया था[1]। पिछली शती के विश्वविख्यात भारतीयज्ञ इण्डोलोजिस्ट प्रोफ़ेसर लुई रनु (Louis Renou, 1896-1966) जैन धर्म व साहित्य के विशेषज्ञ नहीं थे फिर भी उनका जैनिज़्म *(Jainism)* नामका लेख आज भी प्रशंसनीय है[2]। भारत के यात्रा के समय १९४८ प्रोफ़ेसर रनु की तेरापन्थी आचार्य श्रीतुलसी (1914-1997) से भेंट हुई। इन आचार्य के व्यक्तित्व और तेरापन्थ संघव्यवस्था से बहुत प्रभावित होकर प्रोफ़ेसर रनु ने रिपोर्ट जैसा एक लेख प्रकाशित किया जो पश्चिम में तेरापन्थ के विषय पर सब से प्रथम था[3]।

1. A.J. Sunavala, *Vijaya Dharma Suri. His Life and Work,* Cambridge, 1922; Colette Caillat & Nalini Balbir, Jaina Bibliography. Books and Papers published in French or by French scholars from 1906 to 1981, *Sambodhi* 10, April 1981, pp. 1-41.
2. In : *Religions of Ancient India,* London, 1953; reprint, Delhi, Munshiram Manoharlal, 1971.
3. Louis Renou, Une secte religieuse dans l'Inde contemporaine, *Etudes,* 268, 1951, pp. 343-351; English version: A Religious Sect in Contemporary India, *Eur-Asia,* Calcutta, 6, 1-2, January February 1952, pp. 1663-1666 and 1675.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

प्रोफ़ेसर डाक्टर कौलेट काइया (Colette Caillat) ने पाश्चात्य परम्परा को सजीव रखा और अपने व्यक्तित्व एवं कृतित्व से निरन्तर विकसित किया। गुणग्राह्यता तथा जैन साहित्योपासना दोनों ही दृष्टियों से श्रीमती काइया का जीवन आदर्श विदुषी और महिला का जीवन रहा है। उनका जन्म पेरिस के पास एक छोटे शहर में १५ जनवरी १९२१ में हुआ और अपनी छियासवी वर्षगांठ के दिन १५ जनवरी २००७ में उनका देहावसान हो गया।

उनके माता पिता दोनों सरकारी नौकरी करते थे। उनका पूरा विश्वास था कि लडकियों का जीवन भी वैयक्तिक वेतन के बिना नहीं चल सकता। नियमित कार्यवाही से ही स्त्री को स्वतन्त्रता मिल सकती है। आरम्भ में श्रीमती काईया ने सोर्बोन विश्वविद्यालय में लैटिन व ग्रीक योरोपीय शास्त्रीय भाषाओं का अध्ययन किया। इन विषयों की उच्चतम परीक्षाओं में सफलता के बाद उन्होंने माध्यमिक शिक्षालयों में अध्यापन किया। इसी बीच श्रीमती काइया का विवाह एक भौतिक वैज्ञानिक से हुआ।

पढाते-पढाते उन्होंने सोर्बोन विश्वविद्यालय में संस्कृत तथा हिन्दी भाषाओं का अध्ययन प्रारंभ किया। इस समय लैटिन व ग्रीक भाषाओं के विद्यार्थियों को ज्ञान हुआ कि इन भाषाओं का संस्कृत से पास का सम्बन्ध है। परिणामस्वरूप वे भी भारतीय शास्त्रीय भाषा संस्कृत की ओर आकृष्ट हुए। यद्यपि ऐसे विद्यार्थियों की संख्या सीमित रही है। प्रोफ़ेसर लुइ रनु और प्रोफ़ेसर जूल ब्लोक (Jules Bloch, 1880-1953) श्रीमती काइया के दो मुख्य गुरु थे। प्रोफ़ेसर ब्लोक के विद्यार्थी न केवल संस्कृत बल्कि पालि-प्राकृत तथा मराठी भाषाएं भी सीखते थे। इसी प्रकार श्रीमती काइया की रुचि भी भारतीय भाषाओं में बढती गई। पाली-प्राकृत नामव्युत्पत्ति के विषय पर उन्होंने संशोधन प्रारम्भ किया। किन्तु जैन धर्म से परिचित बिना प्राकृत साहित्य कौन पढ सकता है। उस समय फ़्राँस में जैन धर्म का विशेषज्ञ न होने के कारण प्रोफेसर रनु ने श्रीमती काइया को हैमबुर्ग विश्वविद्यालय के प्रोफ़ेसर वाल्टर शूब्रिंग (Walther Schubring, 1881-1969) के पास अध्ययनार्थ भेज दिया। प्रोफ़ेसर शूब्रिंग जैन आगम साहित्य और प्राकृत विद्या के शीर्षस्थ विद्वान थे। विशेषतः वे आचाराङ्गसूत्र, सूत्रकृताङ्गसूत्र तथा छेदसूत्रों का अध्ययन, अनुवाद व सम्पादन करते थे। हैमबुर्ग में ही श्रीमती काइया प्रोफ़ेसर अल्स्दोर्फ (Ludwig Alsdorf, 1904-

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

1978) के सम्पर्क में भी आयीं । उन्हीं की प्रेरणा से वे क्रिटिकल् पालि डिक्शनरी के काम में भी सहयोग देने लगीं । सन् १९६५ में उनका डी. लिट्. उपाधि का निबन्ध पूरा हो गया था और फ्रांसीसी भाषा में पुस्तकरूपमें छपा था। छेदसूत्रों के आधार पर (विशेषतः व्यवहारसूत्र एवं भाष्य के आधार पर) जैन साधुसंघ की व्यवस्था का वर्णन बडी स्पष्टता से इस पुस्तक में दिया गया है । और विस्तार से दस प्रायश्चित्तों का गहन विश्लेषण किया गया है । इस अपूर्व अध्ययन की ख्याति के कारण श्रीमती काइया जैन धर्म व साहित्य की विशेषज्ञ के रूप में प्रतिष्ठित हुई । सन् १९७५ में इस मूलभूत ग्रन्थ का अंग्रेजी अनुवाद लालभाई दलपतभाई भारतीय संस्कृत विद्यामन्दिर अहमदाबाद की ग्रन्थमाला में प्रकाशित हुआ[4] । व्यवहारसूत्र के अध्याय का फ्राँसीसी अनुवाद इस ग्रन्थ का परिशिष्ट माना जा सकता है[5] । उनका अन्य प्रमुख ग्रन्थ 'जैन कौस्मोलोजी' जैन धर्म और साहित्य क्षेत्र की अद्वितीय कृति है[6] । श्रीमती काइया ने श्वेताम्बर आगमों के प्रकीर्णक ग्रन्थों के विषय में भी बहुमूल्य योगदान दिया । उन्होंने चन्दावेज्झय प्रकीर्णक का भी सम्पादन, अनुवाद एवं भाषावैज्ञानिक अध्ययन किया[7] । इसके अतिरिक्त प्रकीर्णकों में विशेषतया वर्णित सल्लेखना तथा मरणसमाधि पर उन्होंने विविध शोधपत्र प्रकाशित किए[8] ।

---

4. C. Caillat, *Atonements in the Ancient Ritual of the Jaina Monks*, Ahmedabad, 1975.
5. In : W. Schubring, C. Caillat, *Drei Chedasūtras des Jaina-Kanons, Āyāradasāo, Vavahāra, Nisiha*, Hamburg, 1966.
6. C. Caillat, Ravi Kumar, *Jain Cosmology*, New Delhi, 1981; new edition, Ravi Kumar Publisher, New Delhi, 2004.
7. *Candāvejjhaya*, La Prunelle-Cible. Paris, De Boccard, 1971.
8. Fasting unto Death according to Āyāranga-sutta and to some Paiṇṇas, *Mahāvira and his Teachings* (ed. A.N. Upadhye *et alii*), Bombay, 1977, pp. 113-118; Interpolations in a Jain Pamphlet or the Emegence of one more Āturapratyākhyāna, *Wiener Zeistschrift für die Kunde Südasiens*, 36, 1992, pp. 35-44; On the Composition of the Śvetāmbara Tract *Maraṇavibhatti/Maraṇasamāhi-Paṇṇayaṃ, Jain Studies*, Delhi, Motilal Banarsidass, 2008; etc. For a bibliography of C. Caillat's works, see *Bulletin d'Etudes Indiennes* 22-23, 2004-2005, published in 2007 and *Indologica Taurinensia* (forthcoming), or contact - nalini.balbir@wanadoo.fr

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सन् १९६२-१९६३ में अनेक व्यक्तियों व भारत सरकार के उत्साहन और सहायता से श्रीमती काइया को भारत यात्रा का सर्वप्रथम अवसर प्राप्त हुआ। तब से ही वे भारत के जैन धर्म के प्रमुख विद्वानों के सम्पर्क में आयीं। अहमदाबाद में लालभाई दलपतभाई भारतीय संस्कृति विद्यामन्दिर के निदेशक पण्डित दलसुखभाई मालवणिया (1910-2000) और उनके परिवार के साथ श्रीमती काइया की घनिष्ठता हो गई। उनके वात्सल्य के वातावरण में श्रीमती काइया ने पूर्णतया लाभ उठाया। प्रज्ञाचक्षु पण्डित सुखलालजी संघवी (1880-1978) की सरलता और गम्भीरता से भी वे अत्यन्त प्रभावित हुई। प्रोफेसर हरिवल्लभ भायाणी (1917-2000) के साथ प्राकृत और अपभ्रंश भाषाओं पर विशेष चर्चा होती। आगमप्रभाकर आचार्य श्रीपुण्यविजयजी (1895-1971) के व्यक्तित्व तथा कृतित्व का उन पर अत्यन्त प्रभाव पडा। उन्होंने फ्राँसीसी पाठको के लिए मुनिजी की जीवनकथा का वर्णन किया। अन्तिमवर्षों में आचार्य श्रीविजयशीलचन्द्रसूरिजी महाराज से भेंट होने के बाद से उनका दर्शन पाना श्रीमती काइया के लिए अनिवार्य था। दिगम्बर विद्वानों के साथ भी उनका बहुत अच्छा सम्पर्क रहा। वे डाक्टर आदिनाथ नेमिनाथ उपाध्ये (1906-1975) को अपना भारतीय गुरु मानती थीं। उन्हीं के साथ रामसिंहकृत दोहापाहुड तथा जोइन्दुकृत परमात्मप्रकाश पढकर श्रीमती काइया ने अपभ्रंश के इन दोनों पावन ग्रन्थों का अनुवाद प्रकाशित किया[9]। सन् १९८१ में उन्होंने भारतवर्ष के बाहर सर्वप्रथम अन्तर्राष्ट्रीय जैन सम्मेलन का आयोजन किया और पण्डित दलसुखभाई माल्वणिया तथा प्रोफेसर नथमल टाटिया को आमन्त्रित किया[10]।

सन् १९४२ से १९५० तक श्रीमती काइया राष्ट्रीय वैज्ञानिक अनुसन्धान केन्द्र के अधीन गवेषणा करती रहीं और तत्पश्चात् उनका सारा बौद्धिक जीवन विश्वविद्यालय की सेवा में अर्पित हो गया। पहले वे ल्यों (Lyon) नगर

9. The Offering of Distics (*Dohāpāhuḍa*) : *Sambodhi* 5, 1976, pp. 176-199; *Lumière de l' Absolu [Yogindu's Paramātmaprakāśa]*, Paris, Payot, 1999.

10. *Proceedings of the International Symposium on Jaina Canonical and Narrative Literature*, Torino, 1983.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

के विश्वविद्यालय में १९६०-६६ संस्कृत और तुलनात्मक व्याकरण की शिक्षा देती थीं। सन् १९६६ में प्रोफ़ेसर् रनु के आकस्मिक निधन के बाद वे सोर्बोन विश्वविद्यालय में भारतविद्या की प्रोफ़ेसर नियुक्त हुईं और १९८९ तक सेवानिवृत्त होने के समय तक इस पद पर बनी रहीं। दर्जनों विद्यार्थियों को उन्होंने भारतीय संस्कृति और पालि-प्राकृत भाषाओं की शिक्षा दी और भारतीयपरता का पथप्रदर्शन किया। विविध छात्रों को पी.एच.डी. की शोध उपाधि के लिए निर्देशन किया।

प्रोफ़ेसोर् श्रीमती काइया ने विश्व के विविध धर्मसम्बन्धी प्रकाशनों मे अनेक निबन्धों और प्रकृतिविषयक जैन घोषणा के अनुवाद से फ़्राँस की सामान्य जनता को जैन धर्म से अवगत किया। उस क्षेत्र की अन्तर्राष्ट्रीय विशेषज्ञ होने के नाते फ़्राँस के बाहर भी प्रकाशित विश्वकोशों और सामान्य ग्रन्थों में उन्होंने अनेक लेख प्रकाशित किए। उदाहरणतः देखिए कौलेट काइया, ए. एन. उपाध्ये और बाल पाटिल द्वारा प्रकाशित जैनिज़्म् (*Jainism;* देहली १९७४-७५)

भारत विद्या के विविध विषयो पर प्रकाशित पुस्तकों की समर्थक और उदारतापूर्ण समालोचना करना श्रीमती काइया के कृतित्व का महत्वपूर्ण भाग था। फ़्राँस की एसियाटिक् सोसाइटी की पत्रिका में (*Journal Asiatique*) उन्होंने नियमित रूप से महत्वपूर्ण ग्रन्थसूचियों के संकलन प्रकाशित किए। जर्मन विशेषज्ञ प्रोफ़ेसर वाल्टर शूब्रिंग और भारतीय विद्वान मुनि पुण्यविजयजी के देहावसान पर उन्होंने महानुभावों पर मार्मिक लेख छापे।

विद्वत्ता, कर्तव्यपरायणता और सरल स्वभाव के कारण श्रीमती काइया शीघ्र ही अन्तर्राष्ट्रीय संस्थाओं में प्रसिद्ध हो गयीं। भारत के जैन संस्थानों और विदेशी संस्थानों में सम्मान पुरस्कारों से अलंकृत हुईं।

श्रीमती काइया का जीवन और अथक शोध कृतित्व जैन धर्म और साहित्य के ही नहीं अपितु विश्वसेवापरक स्वभाव मानवता के निरन्तर आदर्श रहेंगे।

C/o. सोर्बेन नुवेल विश्वविद्यालय
पेरिस, फ़्राँस

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

विहंगावलोकन

उपा. भुवनचन्द्र

'जैन आगमोमां मांसाहार' ए विषय पर आजथी सोएक वर्ष पूर्वे चालेली चर्चाना बे-त्रण लेख अनु.ना ४१मा अंकमां प्रगट थया छे. जेमां एक बाजू जर्मन प्रो. हर्मन जेकोबीनी विद्वत्ता देखाई आवे छे तो बीजी बाजू जैनाचार्योनी आहारविषयक मीमांसा दृढ स्वरूपे तरी आवे छे. प्रो. जेकोबीए आचाराङ्ग सूत्रना तेमना जर्मन अनुवादमां केटलाक आलापक अने शब्दोना मांसपरक अर्थ कर्या हता, जेना प्रत्याघात / परिहार रूपे पं. गम्भीरविजयगणी अने मुनि नेमिविजय (विजयनेमिसूरि) - मुनि आनन्दसागर (सागरानन्दसूरि)ना पत्रो / लेखो अने डो. जेकोबीनो संस्कृत पत्र वगेरे सामग्री संकलित रूपे अहीं मूकाई छे. आ सामग्रीमांथी उपसी आवती विचारणीय-प्रेरक वातो सम्पादकश्रीए भूमिकामां तारवी आपी छे. आगमना अमुक शब्दोना अर्थ परत्वे जैन आचार्यो / विद्वानोमां प्रवर्तता बे भिन्न अभिप्रायो पाछळनी अपेक्षाओ समजावी छे. पं. गम्भीरविजयजी तेमना लेखमां आगमिक शब्दोना वनस्पतिपरक अर्थ करनार पार्श्वचन्द्रसूरिने उत्सूत्रभाषी अने असत्यभाषी कहे छे. तेमां अन्यनी अपेक्षाने समझवा स्वीकारवानी तत्परता खूटती लागे. पार्श्वचन्द्रसूरिए आचाराङ्ग स्तबकमां आ सन्दर्भमां लखेला उद्गार अहीं जोइए : इहां वृत्तिकारइं लोकप्रसिद्ध मांस-मच्छादिकना भाव वखाण्या छइं परं सूत्रस्यउं विरुद्ध थकी ए अर्थ इम न संभवइ, पछे वली श्रीजिनमतना जाण श्रीगीतार्थ जे अर्थ करइं ते प्रमाण... ''अस्थिनइं शब्दिइं 'कुलिया' - गुठली बोली छइ, मंस शब्दिइं मांस - मांहिलउ गिर संभावीयइ छइ ...'' ''वृत्ति मांहि अपवादमार्ग कह्यो छइ'' - आ विधानोमां अनाग्रह अने सापेक्ष दृष्टि तरवरी रहे छे, ते ध्यानमां न लेतां उत्सूत्रभाषी, असत्यभाषी जेवां विधानो थाय तो ते पूर्वग्रहनुं ज परिणाम होई [१]शके. संशोधन क्षेत्रमां पूर्वग्रह, पक्षीय दृष्टिथी बचवुं आवश्यक छे ए ज आ निरीक्षणनो सार छे.

स्याद्वादकलिका नामक कृति अभ्यासनी सामग्री लेखे नोंधपात्र छे. अनु. ४२मां आ कृति पूर्वे प्रकाशित थयानी नोंध मूकाई छे, तेम छतां आ

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कृतिनी भूमिकामां सूचित संशोधनो अगत्यनां छे. द्रव्यषट्के (श्लो.३९) ना स्थाने दृष्टिषट्के एवो सुधारो सूचवायो छे ते महत्त्वनो छे. श्लो. ३७मां दीप (पि)का एम सुधारो सूचवायो छे ते थोडो विचारप्रेरक छे. हस्तप्रतिमां स्याद्वाददीपका एवो पाठ मळे छे अने आ अन्तिम श्लोक नथी - ए हकीकतने ध्यानमां लेतां आ शब्द कृतिनुं नाम सूचवतो होय एवुं फलित नथी थतुं. श्लोकगत सन्दर्भने जोतां स्याद्वाददीपकाः एवो पाठ यथार्थ जणाय छे. कर्ता कृतिना उपसंहार रूपे "आ बधां स्याद्वादना दीपक प्रयोगो-उदाहरणो छे." - एम कहेता जणाय छे. आथी वस्तुतः पुष्पिकामां दर्शित स्याद्वादकलिका ज कृतिनुं मूळ नाम होवाथी संभावना विशेष छे. स्याद्वाददीपिका नाम भ्रमवश कल्पी लेवामां आव्युं जणाय छे.

निगोदथी मोक्ष सुधी नामक लेख निगोदना विषयमां अनेक बिन्दुओ तुलनात्मक रीते रजू करे छे. डॉ. पद्मनाभ जैनीना एक लेखनो आ सारानुवाद छे. अनुवाद सुवाच्य छे. अंग्रेजी साहित्यमांथी विशिष्ट सामग्री आ रीते गुजराती विगेरे भाषाओमां अनूदित थाय ए अनेक दृष्टिए इच्छनीय छे.

अनु.४२ नी प्रथम अने प्रकृष्ट कृति 'श्रीपञ्चसूत्र स्तबक' आ महान शास्त्र पर रचायेली गम्भीर कृति तरीके, एक श्रावकनी कृति तरीके, कच्छ अने कोडाय गामे थयेली सदागम प्रवृत्ति ना एक प्रदानना स्वरूपे- एम विविध रीते विशिष्ट छे. कोडाय गाम कच्छना काशी तरीके विख्यात थयुं एना मूळमां श्रीहेमराज भीमशी नामना संशोधक विद्वाने त्यां स्थापेल ज्ञानभण्डार, 'सदागम प्रवृत्ति' नामे ज्ञानवर्धक संस्था तथा 'अवठंभशाळा' अर्थात् निवासी विद्यालय हता. आ शाळामां अनेक स्त्री-पुरुषो जैन शास्त्रो तथा संस्कृत प्राकृतनुं शिक्षण पाम्या हता. एमांना एक श्रीवेलजी भारमल हता. एमना हस्ते लखायेली अनेक प्रतिओ जोवा मळे छे. एमनी स्वतन्त्र कृति आ सर्वप्रथम प्रकाशित थई छे. वेलजीभाईनी विद्वत्ता तथा शास्त्रीय विषयमां गति केवा उच्च स्तरना हता तेनां दर्शन आ रचनामां थाय छे.

सम्पूर्ण टबो हारिभद्रीय टीकाना आधारे लखायो छे. टबामां श्लोको छे ते पण ए टीकामां उद्धृत थयेला श्लोको ज छे. विशेष अभ्यासीओ माटे टीकाकारे टीकानी पंक्तिओ वच्चे वच्चे उद्धृत करी छे. टीकाना आधारे मूळ

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सूत्रनो अनुवाद जे रीते सरल - सुबद्ध थयो छे तेमां कर्तानी विद्वत्ता तथा मौलिकता जणाई आवे छे.

म. विनयसागरजीए केटलीक लघु कृतिओ विस्तृत भूमिका साथे सम्पादित करी छे. नानी छतां नोंधपात्र विगतो आवी प्रकीर्ण रचनाओमांथी मळी आवती होय छे तेथी आवी लघुकृतिओ पण मूल्यवान बने छे. कृतिओना पाठमां वाचनभूलो रही छे. नेमिनाथ भास-१, कडी ६मां 'हम बिलवति' छे, पण अहीं 'इम बिलवति' होवुं घटे. भास-२ मां क. ३ - 'मुदि' नहीं पण 'मुझ', क.६ मां 'सोच न' नहि पण 'सोवन' वांचवुं जोइए. उल्लेख सोनानी जीभनो छे. क. ७ मां 'मुख' नहि पण 'सुख' जोइए.

'अनन्तहंस गणि स्वाध्याय'मां क.५ मां 'माण' शब्द बे वार छे ते एक वार ज होवो जोईए, लहियानी भूलथी बे वार लखायो हशे. क. ७मां 'सय संवय' छे त्यां 'सय' लहियानी भूलथी वधारानुं लखायुं छे. सम्पादके आवा निरर्थक पाठो नक्की करी दूर करवाना होय छे.

विजयदानसूरिभास -

	अशुद्ध	शुद्ध
क.८	कखाय	कषाय
क.१३	परख यो	परखयो
क.१६	नडियाइ	नडियाद
क.१९	जय	(वधारानुं छे.)
क.२२	बहु रसि	वहुरसि (वहोरशे)
क.२३	विण जु	विणजु (वाणिज्य)
क.२८	रेवाणउत्र	रे वाणउत्र !

दानलक्षण अथवा दानशासन नामक संस्कृत रचना रसप्रद छे. आमां दानना आठ प्रकार दर्शाववामां आव्या छे. आठ प्रकारोनी सूचि जेमां छे ते छठ्ठो श्लोक ह.प्र.मां भ्रष्ट रूपे लखायो छे. आ श्लोक आम होवो घटे -

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सामान्यं दोषदं दान-मुत्तमं मध्यमं तथा ।
जघन्यं सर्वसङ्कीर्णं कारुण्याच्चेत्थमष्टधा ॥

उपसंहारना छठ्ठा श्लोकमां 'आसन्ने' छे, पण शुद्ध पाठ 'आसने' सन्दर्भ अनुसार संभवित जणाय छे.

जैन देरासर
नानी खाखर - ३७०४३५
जि. कच्छ, गुजरात

नोंध : १. आपणो जैनोनो मध्यकाळ परस्पर उपरना पूर्वग्रहप्रेरित आक्षेप-प्रतिआक्षेपोथी भरेलो छे. नवी प्ररूपणा के आचरणा करनार पोताने यथार्थ मानीने अन्योने शिथिलाचारी कहीने वगोवे, तो नवी प्ररूपणा-आचरणा करनारने निह्नव जेवा शब्दोथी रूढिवादीओ नवाजे; परन्तु अनेकान्त दृष्टिथी विचारीने विविध के विभिन्न मान्यतामां संतायेला सत्य-तथ्यने कोई शोधे-स्वीकारे नहि, आ तो सर्व गच्छोने तथा सर्व गच्छोना सर्व विद्वानोने लागेलुं समान दूषण छे. दूरनी वात जवा दईए, ने २०मा शतकमां तपगच्छ तथा पायचंदगच्छना धुरन्धरो वच्चे संवत्सरी तथा अन्य मुद्दाओना थयेल विवादो, चर्चापत्रो वगेरेने लक्ष्यमां लईए तो आ बाबत सुपेरे समजाय तेम छे. आपणे, आधुनिको, पूर्वजोनां चरित्र तथा लखाणोमांथी-आवां बधां वानांने गाळी-चाळी नाखीने, समन्वय तथा संवादिताने साधनारुं तत्त्व ज पकडतां शीखीए, ए ज आनो बोधपाठ होई शके. **- शी.**

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पुस्तक परिचय

नाम : Nāni Rāyan (The Mystery unveiled)

ले. : डो. पुलिन वसा, मांडवी (कच्छ)

प्र. : क.स. हेमचन्द्राचार्य नवम जन्म स्मृति संस्कार शिक्षण निधि, अमदावाद, ई. २००७

सामान्य रीते विज्ञानना विषयोनां संशोधनात्मक पुस्तको भारेखम भाषा अने टेकनीकल शब्दोने कारणे नीरस अने अरुचि पेदा करनारां होय छे. परंतु पुरातत्त्वना संशोधननुं पुस्तक "Nāni Rāyan" The Mystery unveiled अेनी शैली अने सरळ भाषाने कारणे नवी ज भात पाडे छे. फिलाडेल्फीआ युनिवर्सिटी (अमेरिका)ना पुरातत्त्वना प्राध्यापकना शब्दोमां आ पुस्तक पुरातत्त्व विषयनुं पाठ्यपुस्तक बनवाने लायक होवा छतां सामान्य ज्ञानमां रस धरावनारी कोई पण व्यक्ति माणी शके तेवुं सरळ छे.

आ पुस्तक कलिकाल सर्वज्ञ श्रीहेमचंद्राचार्य नवम जन्म शताब्दी स्मृति संस्कार शिक्षणनिधि, अमदावाद द्वारा प्रकाशित करवामां आव्युं छे.

लेखके २२ वर्षना लांबा गाळा दरम्यान, तेमणे करेला संशोधनने कच्छना भौगोलिक, अैतिहासिक अने पुरातत्त्वीय परिप्रेक्ष्यमां वणी लीधुं छे.

आठ प्रकरण अने बे परिशिष्ट धरावता आ पुस्तकना प्रथम प्रकरणमां लेखक आ संशोधन कई रीते शरू थयुं, तेमां तेमने केटली मुश्केलीओ पडी अने तेमणे कई कार्यपद्धति अपनावी, तेनुं वर्णन करे छे.

बीजा प्रकरणमां, कच्छनी भौगोलिक रचना अने छेल्लां पांच हजार वर्षना मानव इतिहासने उजागर करवामां आव्यो छे. सामान्य रीते कराता राजाओना इतिहासनुं वर्णन करवानी चेष्टाने बाजुअे मूकी, लेखके ते समयना लोको, तेमनी रीतभात, रीतरिवाज, धर्म अने हुन्नरनुं रसप्रद वर्णन कर्युं छे.

त्रीजा प्रकरणमां, कच्छमां थयेला पुरातत्त्वीय उत्खनन अने ते दरम्यान मळेली माहितीनुं वर्णन करवामां आव्युं छे.

चोथा प्रकरणमां सिंधुकाळथी चाली आवता वहाणवटा अने वेपारनी माहिती आपवामां आवी छे.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

नानी रायणमांथी मळेली, रोमन अने मध्यपूर्वमां बनेली वस्तुओने कारणे तेमज आ स्थळ युरोप अने मध्य पूर्व साथे वहाणवटा द्वारा जोडायेलुं होवाथी आ प्रकरण महत्त्वनुं बने छे. ते समयना जहाजो, तेमना द्वारा लेवामां आवतो मार्ग अने व्यापारी पवनोनो तेओ कई रीते उपयोग करता तेनुं वर्णन आ प्रकरणमां करवामां आव्युं छे.

पांचमा प्रकरणमां संशोधन स्थळ - नानी रायणनुं वर्णन करवामां आव्युं छे.

छठ्ठा प्रकरणमां लेखके शोधेला पुरावशेषोनुं विस्तृत वर्णन करवामां आव्युं छे.

२ मी.मी.ना, पांच हजार वर्ष जूना मणकाथी मांडीने ४०० किलो अनाज रही शके तेवी मोटी कोठी अने रोमथी आयात थयेला दारू (सुरा) नां वासणो, अनाज दळवानी रोमन घंटी जेवी असंख्य नानी-मोटी वस्तुओनुं विवरण करवामां आव्युं छे. आ तमाम पुरावशेषोनी रंगीन तसवीरो पण अहीं दर्शाववामां आवी छे.

सातमा प्रकरणमां गुजरात तेमज समग्र भारतमां थयेल समकालीन संशोधन साथे तेमणे पोताना संशोधननी सरखामणी करी छे.

आठमा अने छेल्ला प्रकरणमां लेखक आ संशोधननी, तेमने मळेला पुरावशेषो अने ऐतिहासिक माहितीना परिप्रेक्ष्यमां मूलवणी करे छे.

लेखके संशोधन अने पुस्तक लखती वखते, ख्यातनाम इतिहासकारो अने पुरातत्त्वविदोनां पुस्तकोनो अभ्यास कर्यो छे. अने आनो संदर्भ, दरेक माहिती साथे अपायेलो जोवा मळे छे. सुंदर पाना, चीवटभरी छपाई अने उत्कृष्ट रंगीन तसवीरोवाळुं आ पुस्तक, इतिहास, पुरातत्त्व, सामान्य ज्ञान अने भारतना भव्य भूतकाळमां रस लेनारा तमाम लोकोने वांचवुं गमे तेवुं छे.

आ पुस्तक मेळववा माटे डो. पुलीन वसा, मांडवी (कच्छ) नो ०९८२५५६४४४४ आ नंबर पर संपर्क करी शकाय.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

नवां प्रकाशनो

१. त्रिषष्टिशलाकापुरुषचरित्रम्

कर्ता : विमलाचार्य; सं. मुनि जिनेशचन्द्रविजयः; प्र. रान्देर रोड जैन संघ, सूरत; इ. २००८, वि. २०६४

सम्भवतः १३मा शतकमां विद्यमान, मलधारगच्छीय श्रीविमलसूरिनी आ गद्यात्मक रचना छे. तेनी उपलब्ध बे ताडपत्र-प्रतिओना आधारे थयेलुं आ सम्पादन प्रकाशित थतां एक महत्त्वपूर्ण चरित्रग्रन्थ सुलभ बने छे. आ ग्रन्थ अपूर्ण उपलब्ध थयो छे. १९मा जिन मल्लिनाथना चरित्रवर्णन आगळ ते अटकी गयो छे. अलबत्त, ग्रन्थ तो पूर्ण रचायो ज होवो जोईए, परन्तु तेनी पोथी अधूरी प्राप्त थई छे तेम लागे छे. अभ्यासपूर्ण भूमिका लेख तेमज सन्दर्भात्मक परिशिष्टो द्वारा ग्रन्थने वधु उपयुक्त बनाववानो सम्पादकनो प्रयत्न प्रशस्य छे.

२. वैभव और वैराग्य :

ले. राकेश पाण्डेय; प्र. प्रकाशन विभाग, सूचना और प्रसारण मन्त्रालय, भारत सरकार, न्यु दिल्ली;ई. २००७

जैन धर्मना २४ तीर्थङ्करोनां जीवनचरित्रो तथा ऐतिहासिक - पौराणिक तथ्योनुं हिन्दी भाषामां सरस प्रतिपादन करतो ग्रन्थ. मळती जाणकारी प्रमाणे, जैन धर्मविषयक कोई पुस्तक, भारत सरकार द्वारा प्रकाशित थवानो आ प्रथम प्रसंग छे. जैनोनी श्वेताम्बर - दिगम्बर ए बन्ने धाराओने न्याय आपवानो समुचित तथा विवेकपूर्ण प्रयास ए आ पुस्तकनी विशेषता जणाय छे.

३. मङ्गलवादसङ्ग्रहः

सं. मुनि वैराग्यरतिविजय; प्रका. प्रवचन प्रकाशन, पूना; ई. २००७

जुदा जुदा जैन - अजैन नैयायिक ग्रथकारोए लखेल 'मङ्गलवाद'नो सङ्ग्रह आ ग्रन्थमां करवामां आव्यो छे. प्रारम्भे विस्तृत अभ्यासात्मक प्रस्तावना घणी उपयुक्त सामग्री पूरी पाडे छे.

उपाध्याय सिद्धिचन्द्रगणिए 'मङ्गलवाद' नामक स्वतन्त्र ग्रन्थ ज रच्यो

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

छे. तेनी कर्ताना स्वहस्ते लखाएल प्रतिना आधारे थयेलुं सम्पादन अनुसन्धान ना कोई अङ्कमां प्रकाशित छे. ते आ सङ्ग्रहमां प्रथम स्थान पामेल छे. ते पछी उपाध्याय यशोविजय गणीनी तथा उपाध्याय समयसुन्दर गणीनी मङ्गलवाद - विषयक चर्चा अहीं उध्धृत छे. तेमज हरिराम तर्कवागीश तथा गङ्गेश उपाध्यायना ग्रन्थोनो मङ्गलवाद पण आमां आपेल छे.

अभ्यासक्रमो माटे एक सरस सङ्कलन.

४. मणिधारी श्रीजिनचन्द्रसूरि,

५. दादा श्रीजिनकुशलसूरि

ले. अगरचंद व भंवरलाल नाहटा, सं. म.विनयसागर; प्र. प्राकृत भारती, जयपुर; परिमार्जित संस्करण : ई. २००८

दोनों पुस्तकों में शीर्षक में बताये गये खरतरगच्छीय दो महान् आचार्यों के जीवनविषयक लेख-सामग्री संञ्चित की गई है । ऐतिहासिक जानकारी के लिए उपयुक्त प्रकाशन ।

६. आचाराङ्गसूत्र : सटीक :

प्रथम विभाग; संशोधक : पं. अमृतलाल मोहनलाल भोजक; सं. मुनि जम्बूविजय; प्र. सिद्धि भुवन मनोहर जैन ट्रस्ट, अमदावाद; ई. २००८

श्रीशीलाचार्यविरचित वृत्तियुक्त आचाराङ्गसूत्रना प्रथम श्रुतस्कन्धनां प्रथम चार अध्ययन जेटला अंशनुं, विविध अनेक हाथपोथीओना आधारे थयेल सम्पादन. टिप्पणीओमां पाठान्तरोनुं वैविध्य ध्यानार्ह छे. सम्पादक मुनिराजे जणाव्युं छे के-टिप्पणीगत पाठान्तरोमां घणा पाठो उपर मूकवा योग्य जणाया छे, परन्तु अमे टिप्पणीमां ज ते रहेवा दीधा छे.

मारा नम्र मते आम करवाने बदले वधु शुद्ध-सारा लागता पाठ उपर लीधा होत तो तेमनी विद्वत्तापूर्ण दृष्टिनो लाभ मळ्यो होत, अने सम्पादक तरीके तेमनुं लखेलुं नाम सार्थक ठरत. वळी, तेमने आचाराङ्ग-वृत्तिनुं सम्पादन करवानी इच्छा छे, ते अपेक्षाए पण तेमनुं थोडुंक काम हळवुं थयुं होत.

मारी जाणकारी प्रमाणे, पुण्यविजयजीए आ टीकाग्रन्थनी प्रतिलिपि

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

करावी हशे. पछी पोतानी कायमी पध्धति प्रमाणे विभिन्न अभ्यासीओ द्वारा विविध प्रतिना पाठान्तरो तेमणे लेवडाव्या हशे. त्यारबाद तेनुं सम्पादन स्वयं करीने, पाठनिर्धारणनुं काम तेओ हाथ पर लेवाना हशे, पण दरम्यानमां स्वास्थ्य आदि कारणवश ते काम रही गयुं होय तो ते बनवाजोग छे. परन्तु ते बाकी काम पूज्य जम्बूविजयजीना हाथे थाय तो तेमां औचित्य पण हतुं अने तेम थवुं आवश्यक पण हतुं. तेम थया विना ज आ प्रकाशन थयुं छे, जे स्वाध्याय पूरतुं खपमां आवी शके.

७. श्रीचतुःशरणप्रकीर्णक

(बृहद्विवरण-संक्षिप्तवृत्ति-अवचूरि-बालावबोध-अनुवादादि समेतम्)

सं. आ. कीर्तियशसूरि; प्र. सन्मार्ग प्रकाशन, अमदावाद; सं. २०६४, ई. २०

जैनागमोमां दश प्रकीर्णक (पयन्ना) सूत्र नामे एक विभाग छे. तेमां चतुःशरणप्रकीर्णक एक आगम सूत्र छे, जे जैन सङ्घमां सैकाओथी प्रचलित छे, जेनो स्वाध्याय तथा आराधना जैन संघमां निरन्तर प्रवर्ततां होय छे. ते ज कारणे तेनां सम्पादन-प्रकाशनो पण अनेक थयां छे. तेमां महावीर जैन विद्यालयनी सम्पादित-समीक्षित वाचना ते अधिकृत गणाई छे. आ प्रकीर्णक पर अज्ञातकर्तृक विवरण तथा विविधकर्तृक लघु विवरणोनुं सङ्कलन आ प्रकाशनमां थयुं छे. आमांथी बृहद्विवरण अहीं प्रथम वार प्रकाशित थाय छे, अने अन्य विवरणो पूर्व-प्रकाशित छे, तेवुं जणाय छे. आमां मूकवामां आवेलां परिशिष्टोमां केटलांक उपयोगी छे, केटलांक बिनजरूरी अने पुस्तकनुं दळ वधारवानां आशयथी न मूकायां होय तेवुं लागे छे. प्रारम्भनां पृष्ठोमां 'प्रकीर्णक साहित्य, एक अध्ययन' शीर्षक धरावतो हिन्दी लेख (अतुलप्रसाद सिंह) 'श्रमण' सामयिकमांथी उद्धृत करवामां आव्यो छे, ते अभ्यासु जनो माटे खास उपयोगी छे. आवा लेखोनुं परिशीलन ऊंडाणपूर्वक थाय तो सम्पादकोमां सम्पादननी सज्जता विकसी शके तेमज आग्रही सङ्कुचित विचारधारा, उदार वलणमां, कदाच, फेरवाई शके.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org